पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

———————

क्रिसमस पर राज्यपाल की बधाई

——————

लखनऊः 24 दिसम्बर, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने क्रिसमस के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों, विशेषकर ईसाई समुदाय के लोगों को हार्दिक बधाई दी है और उनके निरोग एवं स्वस्थ्यमय जीवन की कामना की है।

क्रिसमस के अवसर पर राज्यपाल जी ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि प्रभु यीशु ने असहाय और पीड़ित मानवता को प्रेम, करूणा और अटूट संकल्प शक्ति का जो सन्देश दिया था, वह आज भी प्रासंगिक है। प्रभु यीशु की शिक्षाओं पर चलकर सभ्य समाज का निर्माण किया जा सकता है।

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि कोरोना का तीसरा चरण ओमीक्रोन के रूप में प्रारम्भ हो चुका है। इसलिए बचाव एवं सुरक्षा के लिए कोविड नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करते हुए पर्व को मानयें।

——————

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (110/36)
सम्पर्क सूत्र 9453005360